



## एक नजर में

### निमाड़ का प्रसिद्ध गणगौर पर्व हर्ष ओर उल्लास के साथ मनाया जा रहा है



**बिस्टान, निप्र।** निमाड़ का प्रसिद्ध गणगौर पर्व हर्ष ओर उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पंडित महेश चंद्र बर्वे ने बताया कि ग्राम बहादरपुरा में भी महिलाओं द्वारा पाती खेलकर मां की आराधना की गई। श्री राम मंदिर चौक में झालरिए दिया गए। ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक माता के रथ बोड़ाए गए। ग्रामीणों के द्वारा सार्वजनिक भंडारे प्रसादी वितरण के बाद आज सोमवार को माता रूपी जवारों का विसर्जन किया जाएगा।

### बुधवार को होने वाली शीतला माता महाआरती को लेकर तैयारिया तेज

**गोगावा, निप्र।** चैत्र शुक्ल की नवरात्र में शीतला सप्तमी पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सहयोग से होने वाली शीतला माता महाआरती बुधवार 25 मार्च को आयोजित होगी उसी को लेकर आयोजन स्थल पर व्यापक स्तर पर तैयारिया की जा रही है। जिला प्रशासन ने दोनो समुदाय को लेकर बैठके भी आयोजित कर ली गई है। जिला कलेक्टर भाव्या मित्तल व जिला पुलिस अधीक्षक डाक्टर रविंद्र वर्मा ने भी गत दिनों मंदिर परिसर का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा था कि आरती का आयोजन शासन के परिपालन में शांति पूर्वक संपन्न कराए किसी को तकलीफ ना हो बताया जा रहा है कि यहां शीतला माता मंदिर के समीप ही एक समुदाय की मस्जिद होने से हर बार प्रशासन को चुनौतियों से निपटना पड़ता है इसके लिए जिला प्रशासन को भी पुख्ता इंतजाम करना पड़ते है। एसडीओपी भीकनगांव राकेश आर्य ने बताया कि सुरक्षा को लेकर नगर सीमा में ड्रोन केमरो से सर्वे कराया जा रहा है वही प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम प्रारंभ कर दिया है उधर थाना प्रभारी दीपक यादव ने कहा कि नगर की सीमा में गणगौर पर्व को देखते हुए रोजाना पुलिस फ्लैग मार्च निकाल रही है महाआरती के आयोजन को देखते हुए सुरक्षा बेरीकेंडिग बुलाए जा रहे हैं नगर में पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में रहेगा उच्च अधिकारियों की टीम भी दौरा करती रहेगी यातायात व्यवस्था दुरस्त रहेगी आरती का आयोजन शांति पूर्वक संपन्न कराया जायेगा।



### बिस्टान से तय होगी ओबीसी मोर्चा की रणनीति : माटी के लाल संतोष पाटिल बने प्रदेश नीति एवं शोध प्रभारी’



**बिस्टान, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन द्वारा नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए खरगोन जिले के बिस्टान निवासी, संघनिष्ठ एवं भाजपा के प्रखर वक्ता श्री संतोष पाटिल को महत्वपूर्ण सांगठनिक उत्तरदायित्व सौंपा गया है। पाटिल को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा (म.प्र.) का ‘प्रदेश प्रभारी – नीति एवं शोध’ नियुक्त किया गया है।

**वरिष्ठ नेतृत्व ने जताया विश्वास :–** श्री पाटिल की इस नियुक्ति पर मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भाई साहब श्री पवन पाटीदार, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्री श्याम महाजन, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी श्री सुरेन्द्र शर्मा तथा जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

**वैचारिक निष्ठा और सांगठनिक अनुभव :–** मूलत : बिस्टान (खरगोन) के रहने वाले श्री संतोष पाटिल छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मूल विचारधारा से ओत–प्रोत रहे हैं और लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में संगठन को मजबूती दे रहे हैं। उनकी इसी वैचारिक प्रखरता और निष्ठा को देखते हुए संगठन ने उन्हें ‘नीति एवं शोध’ जैसा महत्वपूर्ण और बौद्धिक विभाग सौंपा है। अब श्री पाटिल प्रदेश स्तर पर ओबीसी वर्ग के कल्याण की योजनाओं और संगठन की नीतियों को डेटा एवं शोध के माध्यम से नई धार देंगे।

### 27 मार्च को श्री रामनवमी पर शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**बडवाह, निप्र।** 27 मार्च शुक्रवार को होने वाले रामनवमी के आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति ने नगर में जोर शोर से तैयारियां कर रही है। इसी कड़ी में समिति के कार्यकर्ताओं ने घर–घर भगवा झंडे लगाने की अपील की है। आयोजन श्री राम जन्मोत्सव समिति बड़वाह के तत्वावधान में अपने 18 वा वर्षो से निरंतर किया जा रहा है। शोभायात्रा को लेकर समस्त हिंदू समाज में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। समिति के सदस्यों ने भ्रमण करके आमजनों को शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की जा रही है। शुक्रवार शाम 5 बजे प्राचीन नागेश्वर मंदिर परिसर से भगवान राम जी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। इसके पहले मंदिर परिसर में पूजन–अर्चन होगा। इस अवसर पर गोपाल मंदिर के महंत हनुमान दास जी महाराज भी बग्गी में विराजित रहेगे।



**धामनोद युवा प्रसिद्ध भजन गायक ओमप्रकाश पटेल द्वारा भजनों की प्रस्तुती देंगे :–** भव्य शोभायात्रा में भगवान् श्री राम डोले में विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे। शोभायात्रा के दौरान सुप्रसिद्ध भजन गायक ओमप्रकाश पटेल संगीत सेवा म्यूजिकल ग्रुप धामनोद द्वारा शानदार भजनो की प्रस्तुति दी जाएगी। 7साथ ही बैंड बाजे डीजे डोल ताशे घोड़े बग्गी ड्रोन कैमरा विश्व शांति हेतु चालित हवन कुंड यात्रा में शामिल रहेंगा।

**सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक संस्थाओं से कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया :–** श्रीराम जन्मोत्सव समिति के संरक्षक पं अखिलेश गौतम, सुनील नामदेव विधायक सचिन बिरला नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता यात्रा प्रभारी निशांत सोनी अजय लाखन नरेंद्र सोलंकी लोकेंद्र परिहार डेसा मेराना प्रवीण छोटू बैरागी रितेश कौशल अंकुश विश्वकर्मा सन्नी कुवादे पप्पू शाह लक्की राव समीर माहुले ने क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक संस्थाओं से आग्रह किया है, कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

**पालकी यात्रा में यह रहेगी व्यवस्था :–** समिति के यात्रा प्रभारी निशांत सोनी गोलू अजय लाखन ने बताया कि शोभायात्रा नगर के अति प्राचीन मंदिर गोपाल मंदिर के महंत श्री हनुमान दास जी महाराज के सानिध्य में 27 मार्च शुक्रवार को निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान सुसज्जित बग्गी में महंत श्री हनुमानदास महाराज विराजमान रहेंगे। वही यात्रा में इंदौर के भजन गायक ओमप्रकाश पटेल भजन मंडली के साथ शानदार भजनो की प्रस्तुति देंगे।

# धूमधाम से मनाया जा रहा है गणगौर पर्व

## नगर परिषद अध्यक्ष अलका गजराज यादव ने माता को ओढायी चुनरी




नवभारत न्यूज

**महेश्वर, निप्र।** निमाड़ के सर्वाधिक लोकप्रिय गणगौर पर्व की इन दिनों नगर में धूम देखी जा रही है निमाड़ में सर्वाधिक महेश्वर का गणगौर उत्सव प्रसिद्ध माना गया है जिसके चलते माता गणगौर की आस्था और भक्ति में सभी निमाड़वासी लगे हुए हैं।? रविवार को दिनभर माता की पूजा अर्चना करने के पश्चात शाम को नर्मदा तट पर माता गणगौर तथा धनियर राजा को जल पिलाने की रस्म निभाई गई इस दौरान ढोल ताशा और नगाडो पर नाचते गाते हुए कई श्रद्धालुओ माता गणगौर को शिरोधार्य करते हुए नर्मदा तट पर ले गए जहां से मन्नत धारी श्रद्धालुओं ने माता गणगौर को मिन्नतो के बाद अपने घर एक दिन के लिए मेहमान स्वरूप लेकर आए नगर के गांधी चौक पर नगर परिषद द्वारा नगर के सभी गणगौर माता और धनियर राजाओं को चुनरी तथा रुमाल ओढ़ाया गया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अलका गजराज यादव, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, सीएमओ प्रियंका पांडय, पार्षद शैलेंद्र जैन, स्वप्निल गुप्ता, शेरु अंसारी नगर परिषद कर्मचारी महेश गहलोत ने बाजार चौक से में आने वाली सभी गणगौर माता और धनियर राजाओं का चुनरी तथा रुमाल ओढ़ाते हुए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर बाजार चौक गणगौर माता के गीतों और रथो के साथ कई श्रद्धालुओं से रोशन रहा। मंच पर गायक कलाकारों द्वारा गणगौर माता के गीत प्रस्तुत किए जा रहे थे वहीं श्रद्धालु महिलाओं के साथ नगर परिषद अध्यक्ष समिति अलका गजराज यादव ने भी ठुमके लगाते हुए माता की भक्ति के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर नगर के केवट समाज, सोमवंशी क्षत्रिय मारू समाज, यादव समाज, बीसा नीमा समाज, ब्राह्मण समाज के साथ नगर की अन्य कई समाजों के गणगौर रथ और उनके श्रद्धालु पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ माता गणगौर उत्सव परंपरा को निभाने का काम कर रहे थे। विदित हो कि निमाड़ का सबसे सर्वाधिक लोकप्रिय गणगौर पर्व सामान्यत: दो दिन का मनाया जाता है लेकिन मन्नत धारियो की मन्नतो के चलते माता को एक दिन और मेहमान लाने की परंपरा भी निभाई जाती है आज मंगलवार को पारंपरिक रूप से श्रद्धालु माता को विदा करेंगे इस दौरान महेश्वर के नर्मदा तट पर माता के ज्वारो का पूजा अर्चना के पश्चात विसर्जन किया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव ने सभी श्रद्धालुओं और नगर वासियों को नव वर्ष के साथ गणगौर माता की कृपा बनी रहे ऐसी कामना की।

## गणगौर माता के रथ बोड़ाने के साथ ही भंडारों का आयोजन कल होगा विसर्जन




**गोगावा, निप्र।** क्षेत्र में गणगौर पर्व की धूम मची हुई है मान मन्नत वाले रथ बोड़ाने के साथ ही भंडारों का आयोजन भी कर रहे है सोमवार को भी गणगौर माता के रथ बोड़ाने के साथ ही विसर्जन के लिए घाट पर लाए गए किसी ने माता का विसर्जन किया तो कोई बोड़ाने के लिए घर ले गए राजू महाराज की बाड़ी के रथो को ग्राम के सालवी परिवार ने सोमवार को बोड़ाया ओर भोजन प्रसादी ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा गणगौर घाट पर दिव्य रोशनी की गई है वही आतिशबाजी भी की जा रही है गांव में रानू बाई की धूम देखते ही बन रही है महिलाओं द्वारा झालरिया के साथ ही गणगौर गीतो पर खूब नाच गाना कर रहे हैं।

## चला विसर्जन का दौर, दूसरे दिन भी मन्नतधारी परिवारों ने बौड़ाए रथ



**खरगोन, निप्र।** ’अना बना को चम्पा मवरोय, मवरोय से फुलवारी.. धोडा बठी न धणीयर जी आया, कालो धोडे लाया.. जैसे लोकगीतों के बीच समूचे अंचल में गणगौर पर्व का उल्लास छाया हुआ है। सोमवार को सुसज्जित रथों में जवारे रुपी माता विराजित कर श्रद्धालू विसर्जन स्थल ले गए, कई स्थानों पर माता को धणियर राजा के साथ विदाई दी गई तो कई स्थानों पर मान– मनुहार कर रणुबाई और धणियर राजा को एक दिन और मोहल्ले, बस्ती, कॉलोनी में रुकने का आग्रह कर रथों को लौटा लाए। दूसरे दिन भी रथ बौड़ाने का दौर चला, जिसके चलते मंगलवार को भी भगवान शिव (धणियर) और माता पार्वती रुपी (रणुबाई) की आराधना होगी, इस दौरान जगह– जगह भंडारों का आयोजन भी होगा। पिछले एक सप्ताह से चल रहे गणगौर उत्सव का उत्साह अब चरम पर पहुंच चुका है। समूचा वातावरण रणुबाई और धणियर राजा के जयकारों से गुंजायमान है। शाम ढलते ही श्रद्धालुओ द्वारा रथो को चौक में इकट्ठा कर झालरिए दिए गए। इसके बाद ढोल–तांशो के साथ शाम करीब 6 बजे शहर की कॉलोनी, बस्ती, मोहल्लों से रथयात्राओं की शुरुआत हुई। इस दौरान शहर के प्रमुख मार्ग माता रणुबाई और धणीयर राजा के रथों से सराबोर नजर आए। पूजन–अर्चन के बाद नदी तटों से मन्नत वाले श्रद्धालू रथ बौडाकर माता को वापस अपने घर ले आए। रथ बौड़ाने के बाद रतजगा कर माता की विशेष पूजा–अर्चना की गई। मंगलवार को जिन परिवारों ने रथ बौडाए वहां भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शाम को चल समारोह के रुप में फिर से विसर्जन स्थल पर पहुंचेंगे। यहां नम आंखो से माता को विदाई दी जाएगी।

## दूसरे दिन भी जिमाए जोड़े शाम को नर्मदा घाट से दूसरे घर पहुंची थी माता



**मंडलेश्वर, निप्र।** सोमवार गणगौर माता का अंतिम दिन रहा। विसर्जन से पूर्व रविवार को भी सारा दिन माता का पूजन और जोड़े जिमाने का दौर चलता रहा। जोड़े जिमाने की मन्नत के चलते भक्त गण अपनी सामर्थ्य के अनुसार मन्नत मे जितनी संख्या मे जोड़े जिमाने का संकल्प लिया था उसी के अनुरूप जोड़ो (पति पत्नी) से अपने घर चल कर भोजन का अनुरोध कर उन्हें श्रद्धा भाव से भोजन कराते हैं। यह संख्या पांच ग्यारह इक्कीस इक्यावन एक सौ एक भी होती है। रविवार की शाम को माता के रथो को अपने आँगन मे रखकर झालरिया दिए गए। कही कही सामूहिक रथ भी रखे गए। रात 8 बजे रथो को सामूहिक रुप से ढ़ोल ताशो के साथ मंगल गान करते हुए नर्मदा घाट ले जाया गया जहाँ माता का पूजन कर रथ बौडाने वाले माता जी को मनाकर एक दिन के लिए अपने घर ले गए। रथ बौडाने वाले भक्त द्वारा भी संकल्प लिया जाता हैं की उनकी कोई मनोकामना पूरी हो जाएगी तो वह माता के पांच ग्यारह इक्कीस रथ अपने घर लाएगा। इसी रथ बौडाने की परम्परा के कारण माता के ज्वारों का विसर्जन अगले दिन किया जाता है। रविवार की रात माता जी का रथ बौडाने वाले के घर ले जाया जाता हैं जहाँ माता जी का सामूहिक पूजन कर रात्रि मे रतजगा कर सारी रात माता की भक्ति मे गीत गाए जाते हैं। सोमवार की सुबह फिर जोड़े जिमाने का कार्य किया जाता हैं। शाम से विदाई की तैयारी की जाती हैं सामूहिक झालरिया दिया जाता हैं लगभग 8 बजे बाद माता की विदाई के लिए नर्मदा घाट ले जाया जाता है। जहाँ माता के जवारो का नर्मदा मे विसर्जन किया जाता है।

# गोगावां और भीकनगांव पुलिस ने किया अवैध हथियार तस्करी का पर्दाफाश



**खरगोन, निप्र।** त्यौहारी समय में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में पुलिस की व्यस्तता को देखते हुए पड़ोसी राज्यों के हथियार तस्कर सक्रिय हो गए है। हालांकि व्यस्तता के बीच पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी का पर्दाफाश करते हुए राजस्थान, महाराष्ट्र के दो तस्करों के साथ ही बिचौलिये को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। आरोपियों से दो लाख रुपए कीमत की 8 पिस्टल और तस्करी में इस्तेमाल की गई दों बाईक जब्त की है। थाना गोगावां से मिली जानकारी अनुसार 2 आरोपियों जिसमें राजस्थान का खरीददार एवं एक बिचौलिये के कब्जे से 75 हजार रुपए कीमत की 3 देशी पिस्टल और एक बाईक जब्त की है। राजस्थान के आरोपी पर पूर्व से 04 आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज है। यह कार्रवाई बिलाली सिगनुर रोड़ स्थित हिरापुर फाटे के पास की गई। यहां सिगनुर से आ रहे बाईक सवार को रोका गया। अपना नाम सिध्दार्थ बौध्द निवासी अम्बेडकर नगर भुसावल (महाराष्ट्र) का होना बताया। सिध्दार्थ के पास मिले बैग से 5 देशी पिस्टल जब्त की गई। सिध्दार्थ ने सिगनूर के सिकलीगर से अवैध फायर आर्म्स खरीदने का बताया है, जिसे भी विवेचना में प्रकरण में आरोपी बनाया जाएगा। इसी तरह भीकनगांव पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम सेल्दा व बमनाला के बीच उदासीन मेल आश्रम के रास्ते पर नाकाबंदी की गई। थोड़ी देर बाद मुखबिर की बताई बाईक नजर आई, जिसे रोका गया। दोनों ने अपना नाम गौतम राधेश्याम भास्करे निवासी कोठडा थाना चैनपुर एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने नाम प्रशांत मलखानसिंह मीणा निवासी ग्राम हासई जिला धोलपुर, राजस्थान का होना बताया। प्रशांत के पास मिले बैग को चेक करने पर उसमें 3 देशी पिस्टल मिली। दोनो के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस रिकार्ड खंगालने एवं पोर्टल पर चेक करने पर प्रशांत पर पूर्व से भी आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज होना पाए गए है। प्राथमिकी पूछताछ में आरोपी प्रशांत की भूमिका किसी सिकलीगर के माध्यम से खरीददार होना एवं गौतम की बिचौलिये होने की भूमिका सामने आई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों से विस्तृत पूछताछ कर सिकलीगर को भी प्रकरण में आरोपी बनाया जाएगा।

## किसान मोर्चा मनाएगा 7 दिवसीय ‘किसान सेवा पखवाड़ा’

**बड़वाह, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश भर में 23 मार्च से 29 मार्च 2026 तक 7 दिवसीय ‘किसान सेवा पखवाड़ा’ अभियान व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने बताया कि यह अभियान किसानों के प्रति सेवा, सम्मान और समर्पण की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। श्री चावड़ा ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 23 एवं 24 मार्च को प्रदेश के 62 मंडियों में किया जाएगा। इस दौरान किसानों के लिए प्याऊ (शीतल जल सेवा) तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे किसानों को राहत एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। समाज में विशेष पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विशाल पाठक ने बताया कि 25 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन उन्नत कृषक, जैविक कृषक, बागवानी कृषक, पशुपालक एवं प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम किसानों के उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने और उन्हें समाज में विशेष पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

**29 मार्च को प्रदेश की 62 मंडियों में ‘मन की बात’ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा:–** विशाल पाठक ने बताया कि अभियान के अंतिम चरण में 29 मार्च को प्रदेश की 62 मंडियों में ‘मन की बात’ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें किसान बड़ी संख्या में शामिल होकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुनेंगे और उनसे प्रेरणा प्राप्त करेंगे। किसान मोर्चा का यह ‘किसान सेवा पखवाड़ा’ प्रदेशभर में किसानों के बीच संवाद, सेवा और सम्मान का संदेश लेकर जाएगा तथा संगठन और किसान समुदाय के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत करेगा।

**एक नजर में** भजनों के दौरान कृष्ण नाम की रसधारा बहती रही और माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया

# पूनम दीदी की सुर संध्या में उमड़ी भीड़, झूमे श्रद्धालु, भावुक क्षणों में छलके श्रद्धालुओं के आंसू



नवभारत न्यूज

**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह गोपाल मंदिर भक्त मंडल बड़वाह एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विशाल पाठक के संयुक्त तत्वाधान में हिंदू नववर्ष के पवन अवसर पर गोपाल मंदिर महंत हनुमान दास महाराज के सानिध्य में नगर सेठ की बाड़ी में आयोजित कार्यक्रम शुक्रवार रात्रि 9 बजे भजन गायिका ब्रज रस अनुरागी पूर्णिमा (पूनम दीदी) ने अपनी सुमधुर वाणी में भजनों की सिलसिलेवार प्रस्तुति से श्रोताओं को भाव–विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदर धाम आश्रम के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बालकदास जी महाराज और सत्ती घाटा मंदिर के महंत सुंदर भारती जी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

**मुझे अपने ही रंग में रंग ले मेरे यार सांवरे भजन की प्रस्तुति दी:–** पूनम दीदी ने मुझे अपने ही रंग में रंग ले मेरे यार सांवरे नंद लाला बृज में आए‘, ‘श्याम मोरे नैनन आगे रहियो‘, ‘तू जितने मर्जी दुख दे दे‘, ‘आ जा श्यामा तेरी याद आई’ और ‘तेरे बिना घनश्याम‘ राधे–राधे जपो चले आएंगे बिहारी’ और ‘मेरे सिर पर रख दो हाथ, दीनानाथ’ जैसे की प्रस्तुति दी, पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया। श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे और कई भक्तों की आंखों से भावुकता के आंसू छलक पड़े। भजनों के दौरान कृष्ण नाम की रसधारा बहती रही और माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

**बोले श्रोता यादगार रहेगी सुर संध्या:–** विशाल पाठक ने बताया कि किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयसिंह चावड़ा ने हिंदू नववर्ष के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित का संदेश दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि गोपाल मंदिर भक्त मंडल बड़वाह एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विशाल पाठक के संयुक्त तत्वाधान में सुर संध्या ने दिल खुश कर दिया। इतना आनंद हमें कभी किसी कार्यक्रम में नहीं आया, जितना यहां आया है। बेहतरीन आयोजन है। उम्मीद है कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा कराया जाएगा।

### इनकी रही अहम भूमिका

आयोजित सुर संध्या में मुख्य भूमिका गोपाल मंदिर भक्त मंडल बड़वाह महंत हनुमान दास जी महाराज विशाल पाठक नगर सेठ की बाड़ी गणेश पटेल मित्र मंडल पुलिस प्रशासन की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इनमे पूर्व विधायक हितेंद्र सिंह सोलंकी, नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता पार्षद गणेश पटेल, रजनी भंडारी, सुनील चौधरी, अनिल राय पंडित अखिलेश गौतम सटी शर्मा राजू राठौड़ सुनील नामदेव और विजय महाजन प्रमुख थे। बड़ी संख्या में भक्तगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ परेश विजयर्गीय द्वारा किया गया।